an>

Title: Need to install more hand pumps to provide drinking water in Banda Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय उपाध्यक्ष जी, पूरे बुन्देलखण्ड सहित मेरे संसदीय क्षेत्र में इस वर्ष सूखा पड़ने के कारण पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है। सभी कुएं, तालाब, जो परम्परागत जल स्रोत थे, वे सूख गए हैं। जो हैंडपम्प लगे थे, वे भी जवाब दे गए हैं। मैंने इसके पूर्व भी कई बार इस विषय को रखा था। इस कारण यहां से राज्य सरकार को विषय गया था और वहां से जवाब आया था कि वहां मानक से ज्यादा हैंडपम्प हले से लगे हैं, इसलिए वहां नए हैंडपम्प नहीं लगाए जा सकते हैं। अब केवल पाइपलाइन पेयजल योजना से ही वहां पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।

मान्यवर, मैं कहना चाहता हूं कि अभी वहां सूखा पड़ा है। पाइपलाइन पेयजल योजना में पांच हजार से बड़ी आबादी के गांवों को ले रहे हैं। मेरे क्षेत्र में दो जिले आते हैं - बांदा और चित्रकूट। वहां पर पांच हजार की आबादी के ऊपर के गांवों को पाइपलाइन पेयजल योजना के अन्तर्गत लिया जा रहा है। आखिरकार, यह कब तक पूरा होगा? सूखे की समस्या के कारण वहां के लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा है। वहां जानवर भी प्यास से मर रहे हैं। वहां के सभी तालाब, सभी कुएं सूख गए हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि वहां पर नए हैंडपम्प लगाए जाएं और कम से कम एक हजार हैंडपम्प यहां से मेरे दोनों जिलों के लिए देने का निर्देश देने की कृपा करें।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Bhairon Prasad Mishra.